प्रेषक

महानिदेशक,
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड
ननूरखेड़ा, देहरादून।

सेवा में,

1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड।
2. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड।
3. निदेशक, अकादमिक, शोध एवं प्रशिक्षण, उत्तराखण्ड।
4. अपर निदेशक, मा0/प्रा0 शिक्षा, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी गढ़वाल/कुमांऊ मण्डल, नैनीताल।
5. अपर राज्य परियोजना निदेशक, एस0एस0ए0/रमसा उत्तराखण्ड।
6. सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर, नैनीताल।
7. समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड।
8. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी/उप शिक्षा अधिकारी द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड।

पत्रांक– म0नि0/ 4487-94 /विविध/समारोह/(x)–1/2018–19 दिनांक 4 अगस्त, 2018

विषय– **स्वाधीनता दिवस से सम्बन्धित संदेश का प्रेषण।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक स्वतन्त्रता दिवस की 71 वीं वर्षगांठ के अवसर पर महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड का संदेश इस आशय के साथ संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है कि कृपया राज्य के समस्त विद्यालयों/कार्यालयों में संदेश की प्रति की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने हेतु अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करेंगे।

संलग्नक– उक्तवत्।

भवदीय,

(लीलाधर व्यास)
संयुक्त निदेशक
महानिदेशालय 04/08/
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड।

कै0 आलोक शेखर तिवारी, आई.ए.एस.
महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा

महानिदेशालय विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड
ननूरखेड़ा, तपोवन मार्ग,देहरादून
दूरभाष नम्बर: 0135–2780483 फैक्स– 2780140
E-Mail: dgeduuk@gmail.com

स्वाधीनता दिवस की 71वी वर्षगांठ के अवसर पर महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड का शुभकामना–सन्देश

सम्पूर्ण भारतवर्ष आज हर्षोल्लास पूर्वक स्वाधीनता दिवस की 71वी वर्षगांठ मनाते हुये गौरवान्वित हो रहा है। अगणित बलिदानों एवं वर्षो के अथक संघर्ष के उपरान्त प्राप्त स्वाधीनता को अक्षुण्ण बनाये रखना प्रत्येक नागरिक का पुनीत कर्तव्य है। देश ने कृषि/विज्ञान/ आर्थिक/सैन्य आध्यात्मिक/योग/अन्तरिक्ष के क्षेत्र में शक्तिशाली देशों की पंक्ति में अपनी सशक्त उपस्थिति अंकित की है।

आज देश के सम्मुख क्षेत्रवाद, भाषावाद, बेरोजगारी, पर्यावरण, जल संरक्षण, आरक्षण, असमान क्षेत्रीय विकास के साथ साथ आतंकवाद, नक्सलवाद जैसे अतिवादी विचारों से निपटने की चुनौती है। इन चुनौतियों का सामना राष्ट्र, समर्थ नागरिकों के माध्यम से कर सकता है।

शिक्षकों का उत्तरदायित्व है कि छात्र–छात्राओं में सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के विषयों के प्रति चिन्तन, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छता जैसे विषयों के प्रति संवेदनशीलता एवं जागरूकता विकसित की जाये। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, अतः छात्र–छात्रायें अपनी दिनचर्या में योग, प्राणायाम, व्यायाम को अपनायें। पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु "पौधा मेरे नाम का" कार्यक्रम को अभियान के रूप में अपनाया जाये।

विद्यार्थी जीवन में व्यावसायिक शिक्षा/कौशल विकास के माध्यम से अपने को स्व रोजगार से जोड़ते हुये "रोजगार सृजन" के वाहक बने।

शिक्षकों को अपने गुरूत्तर दायित्व का निर्वहन करने के साथ ही "विद्यार्थी सर्वप्रथम" की भावना से कार्य करना चाहिये। शिक्षा के चार स्तम्भ हैं–विद्यार्थी, शिक्षक, विद्यालय एवं अभिभावक। ऐसी शिक्षा जिसके माध्यम से छात्रों का संर्वागीण विकास हो। हम सब का ध्येय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा होना चाहिए।

कै0 आलोक शेखर तिवारी, आई.ए.एस.
महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा

महानिदेशालय विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड
ननूरखेड़ा, तपोवन मार्ग,देहरादून
दूरभाष नम्बरः 0135-2780483 फैक्स- 2780140
E-Mail: dgeduuk@gmail.com

आर्थिक रूप से कमजोर एवं अपवंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है। मैं राजकीय विद्यालयों को संसाधन सम्पन्न बनाने में समाज के सम्पन्न वर्ग/उद्योग जगत को अपने सामूहिक सामाजिक दायित्व (Corporate social responsibility) के निर्वहन हेतु आवाह्न करता हूं।

एन्सपायर योजना, अटल टिंकरिंग लैब, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान, प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण द्वारा छात्र–छात्राओं में तार्किक/वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने हेतु शैक्षणिक प्रशासनिक अधिकारी, प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य एवं एस0सी0ई0आर0टी0, डायट्स तथा शिक्षकों द्वारा समेकित प्रयास किया जाये।

देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं स्वाधीनता संग्राम के संघर्ष से भावी पीढ़ी को आत्मसात कराने में शिक्षकों के साथ साथ अभिभावक भी अपना योगदान दें।

मैं शिक्षा जगत से जुड़े समस्त शैक्षणिक प्रशासनिक अधिकारियों, संस्था प्रधानों, शिक्षकों शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, छात्र–छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षा क्षेत्र में क्रियाशील गैर सरकारी संगठनों को स्वाधीनता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें ज्ञापित करता हूं।

जय हिन्द! जय उत्तराखण्ड!

02.8.2018

(कै0 आलोक शेखर तिवारी)
अपर सचिव/महानिदेशक
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड